1139(E)
16/02/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 16/02/2026 को सम्पन्न अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही

शाहाबाद पथ प्रमंडल, आरा के अन्तर्गत Construction of Drain in Bihiya-Jagdishpur-Piro (SH-102) Road at Km. 4th for the year 2025-26 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति:**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री विजय कुमार, मुख्य अभियंता, अनुश्रवण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–04.10.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–3612 दिनांक–04.10.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–3974(अनु०) दिनांक–18.11.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–18.11.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा तथा विभागीय पत्रांक–8171(E)We दिनांक–03.12.2025 एवं पत्रांक–168(E) दिनांक–09.01.2026 द्वारा दिए गए निदेश के अनुपालन में मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–4464(अनु०) दिनांक–26.12.2025 एवं पत्रांक–372(अनु०) दिनांक–30.01.2026 द्वारा समर्पित वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Drain in Bihiya- Jagdishpur-Piro (SH-102) Road at km 4th for the year 2025-26 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | शाहाबाद पथ प्रमंडल, आरा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹93,13,077.00<br>समाहर्त्ता–सह–अध्यक्ष, जिला खनन फाउन्डेशन, भोजपुर आरा का ज्ञापांक–1213 दिनांक–07.05.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹ 90,34,000.00<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2934(अनु०) दिनांक–19.08.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | | ₹ 90,33,950.00 |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 03 (Three) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (F2) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 09.09.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा में विभागीय पत्रांक–6158(S) दिनांक–09.07.2014 के कंडिका–4.1.1 के अनुरूा "निविदा में भाग लेने वाले संवेदक विभाग के समुचित श्रेणी में निबंधित हो तथा अद्यतन निबंधन प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न हो" का शर्त्त NIT में नहीं होने के कारण निविदा रद्द करने का निर्णय लिया गया।<br>दूसरी बार आमंत्रित निविदा के Technical Sheet में Experience of Similar Nature Work के लिए न्यूनतम वाँछित राशि प्राक्कलित राशि के 10% के अनुरूप नहीं रहने के कारण निविदा रद्द की गई थी।<br>प्राप्त निविदा को पुनर्निविदा नहीं माना गया है। |

**3.** विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 03 (तीन) निविदाकार द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Ramesh Prasad Gupta (2) Rajeev Kumar

(3) Kumar Nishant

**4.** दिनांक–04.10.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा 03 (तीन) निविदाकार में से 01 (एक) निविदाकार Kumar Nishant को विभागीय पत्रांक–6158 (S) दिनांक–09.07.2014 के क्रम सं०–4.1.4 के तहत् तकनीकी बीड में असफल तथा शेष 02 (दो) निविदाकार यथा (1) Ramesh Prasad Gupta एवं (2) Rajeev Kumar कोतकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया।

**5.** उपभागीय ज्ञापांक–3612 दिनांक–04.10.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–04.10.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Kumar Nishant के Ref.-3 दिनांक–06.10.2025 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिपेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–4464(अनु०) दिनांक–26.12.2025 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई।

**6. परिवादः–** उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Kumar Nishant के Ref.-3 दिनांक–06.10.2025 द्वारा विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | परिवाद निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| 1. | Kumar Nishant | दिनांक–04.10.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन की बैठक की कार्यवाही का अंतिम अंश में निहित निर्देश के आलोक में निम्न बिन्दु आपके विचारार्थ समर्पित है।<br>(1) विषयान्तर्गत कार्य की निविदा प्रथम बार दिनांक–17.05.2025 को आमंत्रित की गयी थी, जिसमें मैंने इस निविदा में भाग, लिया था और निविदा समर्पित किया था।<br>विभाग द्वारा इस आधार निविदा रद्द की दी गयी जो NIT में विभाग की गलती के कारण हुआ। हालांकि NIT में नहीं रहते हुए भी विभाग में निबंधन सर्वमान्य शर्त मानी जाती है। | प्रथम बार आमंत्रित निविदा में विभागीय पत्रांक–6158 (S) दिनांक–09.07.2014 के कंडिक–4.1.1 के अनुरूप "निविदा में भाग लेने वाले संवेदक विभाग के समुचित श्रेणी में निबंधित हो तथा अद्यतन निबंधन प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न हो" का शर्त NIT में नहीं होने के कारण निविदा रद्द करने का निर्णय लिया गया। |
| | | (2) दूसरी बार निविदा दिनांक–05.07.2025 को आमंत्रित की गयी। यह निविदा Experience of Similar Nature work प्राक्कलित राशि का 10 प्रतिशत अनुरूप नहीं रहने के कारण रद्द कर दी गयी थी इस निविदा में भी मैंने निविदा दी थी। मैंने इस शर्त्त के अनुरूप सभी कागजात समर्पित किये थे और सक्षम पदाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग से मेरे निविदा के संदर्भ में सत्यापन कराया गया था। | दूसरी बार आमंत्रित निविदा के Technical Sheet में Experience of Similar Nature Work के लिए न्यूनतम वांछित राशि प्राक्कलित राशि के 10% के अनुरूप नहीं रहने के कारण निविदा रद्द की गई थी।<br>अतः प्राप्त निविदा को पुनर्निविदा नहीं माना गया है। |

| क्र० सं० | परिवाद निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| | | (3) फिर भी दिनांक–06.08.2025 को तीसरी बार निविदा आमंत्रित की गयी है। इसमें NIT की सभी शर्त्तों को पूरा करते हुए मैंने निविदा दी है। Experience of Similar nature work के क्रम में आरा नगर निगम से सक्षम पदाधिकारी द्वारा सूचनाएं मांगी गई एवं उसका सत्यापन भी कराया गया है। | |
| | | (4) इस निविदा में भाग लिये दो अन्य निविदाकार के पास भी Experience of Similar nature work प्राक्कलित राशि के Drain के कार्य का 10 प्रतिशत का अनुभव नहीं है। उनके भी प्रमाण–पत्र की जाँच किया जाय। | निविदाकार Rajeev Kumar के द्वारा Construction of Road from Navtoli to Kakorwn tak under MMGSY कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र upload किया गया है, जिसमें PCC-M-30 कार्य भी शामिल है जिसे Experience of Similar Nature Work में मान्य किया गया है।<br>निविदाकार Ramesh Prasad Gupta के द्वारा Construction of hutmet, store, Boundary wall, approach Road, Foundation/Pit/Ramp, Submersible and Septic tank at Apollo Hot mix Plant, Ara- Buxar Road (NH-84) Akhtiyarbpur for the year 2021-22 कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र upload किया गया है, जिसमें R.C.C कार्य भी शामिल है जिसे Experience of Similar Nature Work में मान्य किया गया है। |

| क्र० सं० | परिवाद निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| | | (5) उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में मुझे लगता है कि मुझे निविदा से बाहर करने के लिए बार–बार निविदा की गई एवं अत्तोगत्वा मुझे अयोग्य करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि Experience of Similar nature work संबंधी अन्य जानकारी चाहिए थी, तो आरा नगर निगम से विभाग सूचनाएं प्राप्त कर सकता था।<br><br>इस आवेदन के साथ कुछ साक्ष्य अनुभव प्रमाण–पत्र का संलग्न कर रहा हूँ। आपसे अनुरोध है कि मेरी निविदा को मान्य कर प्रतियोगिता के आधार पर निविदा का निस्तार किया जाय। | परिवादी Kumar Nishant के द्वारा निविदा के साथ upload किये गये अनुभव प्रमाण–पत्र, जो आरा नगर निगम के पत्रांक–1314 दिनांक–12.07.2025 से निर्गत है, जिसमें Actual Payment to be done स्तम्भ में ₹16,85,419.00 अंकित है, जिस कारण uploaded experience certificate को मान्य नहीं किया गया था, परन्तु परिवादी Kumar Nishant के द्वारा परिवाद के साथ संबंधित कार्य का मापी पुस्त एवं first and final bill समर्पित किया गया है, जिसमें भुगतान की राशि ₹16,85,419.00 एवं तिथि 05.01.2024 अंकित है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कार्य समाप्त हो चुका है एवं कराये गये कार्य का भुगतान भी हो चुका है।<br><br>अतः प्राप्त परिवाद में अंकित आपत्ति को मान्य किया जाता है। |

7. **परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी की बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–**

परिवाद की समीक्षा के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त दिनांक–04.10.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिए गये निर्णय को संशोधित करते हुए निविदाकार Kumar Nishant को सफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है एवं दिनांक–04.10.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में दो अन्य निविदाकार यथा (1) Ramesh Prasad Gupta एवं (2) Rajeev Kumar को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने के निर्णय को यथावत् रखा जाता है।

8. अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति का निर्णयः–

8.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3974(अनु०) दिनांक–18.11.2025 के माध्यम से निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–18.11.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा विभागीय पत्रांक–8171(E)We दिनांक–03.12.2025 एवं पत्रांक–168(E) दिनांक–09.01.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–4464(अनु०) दिनांक–26.12.2025 तथा पत्रांक–372(अनु०) दिनांक–30.01.2025 द्वारा समर्पित वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते है :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा Kumar Nishant के Ref.-3 दिनांक–06.10.2025 द्वारा दिए गए परिवाद को मान्य करते हुए इन्हें निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) उपभागीय ज्ञापांक–3612 दिनांक–04.10.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–04.10.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया गया।

(iv) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16/02/26 | 16/02/26 | 16/2/26 | 16/2/26 |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (राजकुमार)<br>मुख्य अभियंता,<br>दक्षिण,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (विजय कुमार)<br>मुख्य अभियंता,<br>अनुश्रवण,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–253/2025 1139 (E) पटना, दिनांक 16/02/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/2/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।